



### एक नजर में

## अनुपयोगी शासकीय वाहनों की होगी नीलामी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला न्यायिक स्थापना टीकमगढ़ के अनुपयोगी घोषित शासकीय वाहनों की विक्रय खुली नीलामी के माध्यम से की जानी है।**

तदनुसार प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निवाड़ी वरिष्ठतम न्यायाधीश शासकीय वाहन एमपी 02 एव्ही 2790 टाटा इंडिगो जीएलएक्स मॉडल नवम्बर 2009 अपसेट प्राईज 68000 हजार तथा विषेष न्यायाधीश एससी,सटी एक्ट टीकमगढ़ शासकीय वाहन एमपी 02 एचसी 0226 टाटा इंडिगो मॉडल 2011 अपसेट प्राईज 62000 हजार रूपये की खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय की जायेगी। नीलामी, विक्रय की शर्तों के अधीन जो संस्था या व्यक्ति शासकीय वाहनों को क्रय करना चाहते हैं वह 19 अगस्त 2025 को जिला न्यायालय परिसर टीकमगढ़ मध्यप्रदेश में आयोजित खुली नीलामी में भाग ले सकता है, निलामी, विक्रय से संबंधित अन्य जानकारी अथवा वाहन का भौतिक अवलोकन जिला नाजिर नजारत अनुभाग जिला न्यायालय टीकमगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर किया जा सकता है।

# दो वर्ष पहले बनी टंकी में हो रहा लीकेज

**स्थानीय लोगों ने लगाए घटिया निर्माण के आरोप**

**मोहनगढ़ के लोगों को आ रही पेयजल की समस्या**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ/मोहनगढ़**

**जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल निगम और पीएचइ विभाग के माध्यम से टंकी निर्माण, पाइप लाइन डालने का कार्य कराया गया। इस कार्य में विभागीय जिम्मेदारो एवं ठेकेदार के द्वारा जमकर अनियमित्ताएं बरतने का कार्य देखने को मिल रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण मोहनगढ़ में देखा जा रहा है। यहां दो वर्ष पहले जल जीवन मिशन के द्वारा पानी की टंकी निर्माण का कार्य कराया गया था जो इस समय चारों तरफ से लीकेज हो रही है। इतना ही नहीं नगर के लोगों को पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार ने पानी की जो लाइन जमीन के अंदर से डाली जाने थी वह जमीन के ऊपर से डाल दी है।**

दरअलस मोहनगढ के लोगों द्वारा घटिया निर्माण होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। टंकी निर्माण के समय अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, जिससे नई टंकी इस स्थिति में आ गई है। पानी का रिसाव रोकने के लिए कुछ जगहों पर सीमेंट या कोई अन्य पदार्थ लगाकर उसे सही करने का प्रयास किया गया है, लेकिन फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ है। टंकी में कई जगह दरारें भी नजर आ रही हैं, जिससे कुछ सालों में ही यह जर्जर स्थिति में टंकी पहुंच सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय बाद तो गांव में टंकी का निर्माण हो पाया है, लेकिन गुणवत्ता का ध्यान इसमें नहीं रखा गया।

टंकी चालू करके पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई है, लेकिन पूरे गांव को पानी नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि अभी तक पूरा काम भी नहीं हो पाया है। विभाग के अधिकारी जल्द ही इस कार्य को पूरा कराने की बात कह रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार जैन ने बताया कि जिला पंचायत की समीक्षा बैठक में इस टंकी के लीक होने का मुद्दा उठाया गया था।

### वाटरप्रूफ लेयर का कार्य कराया जाएगा

जतारा पीएचई विभाग के एसडीओ सूर्यांश कटारे से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आज से दो साल पहले मोहनगढ़ में पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया गया था जिससे यहां के लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। नवनिर्मित पानी की टंकी बिना वाटर वाटरप्रूफ लेयर तैयार किए पानी से भर दी गई थीऔर टंकी से पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई थी। जिस कारण टंकी में पानी का रिसाव हो रहा है। अब बहुत जल्द टंकी को खाली कराकर वाटरप्रूफ लेयर पूर्ण करने का कार्य किया जाएगा।

## अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस के खिलाफ अभद्र वीडियो वायरल करने के मामले में 10 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल कुशवाहा समाज के इन युवकों ने दिगौड़ा तालाब के पास एक वीडियो बनाया था। इसमें पुलिस के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां और धमकियां दी गई थीं। पुलिस ने गुरुवार को युवकों को गिरफ्तार किया है।**

वीडियो सामने आने के बाद ये युवक थाने पहुंचे। उन्होंने गजेंद्र सिंह ठाकुर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने समझाने की कोशिश की लेकिन युवक नहीं माने। इसी दौरान पुलिस को वायरल वीडियो की जानकारी मिली। वीडियो में दिख रहे सभी 10 युवकों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने कार्यवाही जारी रखी।

आरोपियों में रूपेंद्र कुशवाहा, अम्बिका कुशवाहा, गनपत कुशवाहा, अजय कुशवाहा, छोटू कुशवाहा, पुष्पेंद्र कुशवाहा, कोमल कुशवाहा, गजेंद्र कुशवाहा,अमित कुशवाहा और राजकुमार कुशवाहा शामिल हैं। सभी आरोपियों को तहसील कोर्ट दिगौड़ा में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी को जतारा जेल भेजने की कार्यवाही की है।

## प्रकृति के प्रति करें अपने कर्तव्यों का निर्वहन : न्यायाधीश



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास के मुख्य आतिथ्य में चलाये जा रहे पंच-ज अभियान के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर टीकमगढ़ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस अबसर पर जिला न्यायाधीश ने कहा कि हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे ।कार्यक्रम में श्रीमती प्रवीणा व्यास प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ ने पौधारोपण करते हुए कहा कि हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे पर्यावरण स्वस्थ्य रहे, क्योकि मानव जीवन का अस्तित्व पर्यावरण पर ही निर्भर है और भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के द्वारा भी पौधो का रोपण किया गया और पौधों को सुरक्षित रखने का सभी ने संकल्प लिया।

## सुपर सीडर खरीदने के लिए मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के ऑनलाईन पोर्टल ई-कृषि यंत्र अनुदान वेबसाइट पर यंत्र हैप्पी सीडर और सुपर सीडर के आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किए जा रहे हैं। हैप्पी सीडर में आगे की तरफविशेष प्रकार की ब्लैड की श्रंखला लगी हुई होती है जो खेत में उगे हुए खर पतवार और बचे हुए फसल अवशेषों को बारीक काटते हुए बिना जुताई के सीधे बुवाई करने का कार्य करता है और सुपर सीडर हल्की जुताई करने के साथ बुवाई का कार्य एक ही बार में करता है।**

हैप्पी सीडर और सुपर सीडर के उपयोग से रबी की फसल की बुवाई 15 से 20 दिन जल्दी की जा सकती और बिना जुताई और हल्की जुताई के साथ बुवाई करने से खेत की मिट्टी में उपलब्ध नमी का उपयोग फसल के अंकुरण में हो जाता है जिससे फसल को एक सिंचाई की कम आवश्यकता रहती और दो बार का कार्य एक ही बार में हो जाने से लागत में भी कमी आती है। हैप्पी सीडर की अनुमानित कीमत 1.5 से 2 लाख रुपय है। जिस पर शासन द्वारा यंत्र की कीमत का 50 प्रतिषत या अधिकतम 81400 से 86400 रुपये तक का अनुदान और सुपर सीडर की अनुमानित कीमत 3 लाख रुपये है। जिस पर शासन द्वारा 50 प्रतिषत या अधिकतम 1. 2 लाख रुपए तक अनुदान देय है। आवेदन के लिये आधार कार्ड, जमीन की खतौनी, बी1 हि, ट्रैक्टर 45 एचपी से अधिक का पंजीयन प्रमाण पत्र आवश्यक है।

## बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण का समापन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसीक्रम में आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन तथा डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी एसडीएम टीकमगढ़ एसके तोमर के मार्गदर्शन में स्थानीय उत्सव भवन में 14 से 16 जुलाई तक विधानसभा क्षेत्र टीकमगढ़ के बीएलओ एवं सुपरवाईजरों का प्रशिक्षण का समापन कराया गया ।**

तदनुसार 14 जुलाई को मास्टर ट्रेनर सहायक प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ शोभित बनर्जी, प्राचार्य हाईस्कूल नयाखेरा सुरेशचन्द्र जैन, कनिष्ठ व्याख्याता डाईट कुण्डेश्वर अरविन्द द्विवेदी द्वारा विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ के भाग संख्या एक से 85 तक, 15 जुलाई को मास्टर ट्रेनर सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय टीकमगढ़ डॉ. राममनोहर अहिरवार, प्राचार्य उमावि रानीपुरा आरआर स्वर्णकार, प्राचार्य, विशिअधिकारी सीएल अहिरवार द्वारा भाग संख्या 86 से 175 तथा 16 जुलाई को मास्टर ट्रेनर सहा. प्राध्यापक मुकेश अहिरवार सहित अन्य कर्मचारी प्रशिक्षण में समापन पर मौजूद रहे।

## 24 को लगेगा रोजगार मेला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज टेगौर हॉल, कुण्डेष्वर रोड टीकमगढ़ में 24 जुलाई को प्रातः 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का अयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम, रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी-मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसका अयोजन किया जा रहा है।

## मकान का काम कर रहे चार मजदूर गिरने से घायल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के चकरा रोड स्थित पुराने भाजपा कार्यालय के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में बुधवार को हादसा हो गया। शाम करीब 6 बजे बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर प्लास्टर का काम कर रहे चार मजदूर नीचे गिर गए। जिसमें सभी मजदूर घायल हुए है। घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।**

कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए हादसे में घायल मजदूरों की पहचान मुन्ना अहिरवार और महेश अहिरवार दोनों श्रीनगर निवासी, मुन्ना कुशवाहा मऊ घाट निवासी के रूप में हुई है। एक अन्य मजदूर भी घायल हुआ है ।जानकारी के अनुसार मजदूर प्लास्टर के काम के लिए लगाए गए बांस पर खड़े थे। अचानक बांस टूट गया और सभी मजदूर नीचे गिर गए। घायल मजदूरों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां उनका इलाज जारी है ।कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि चकरा रोड पर एक चार मंजिला इमारत का निर्माण चल रहा है। पुलिस आगे की कार्यवाही करने में जुटी हुई है। बाहरी हिस्से में प्लास्टर हो रहा है। बिल्डिंग के सामने वाले हिस्से में प्लास्टर के लिए बांस का पाड बनाया गया है। बांस टूटने से चारों मजदूर नीचे गिर गए। एंबुलेंस से चारों को जिला अस्पताल लाया गया। बिल्डिंग डॉक्टर जिनेंद्र भदौरा की बताई गई है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है ।शहर के चकरा रोड स्थित पुराने भाजपा कार्यालय के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में हादसा हो गया। बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर प्लास्टर का काम कर रहे चार मजदूर नीचे गिर गए।

## थाना प्रभारियों ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**जतारा एवं खरगापुर पुलिस के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम**

**बच्चों को दिखाई एलईडी टीवी पर शार्ट फिल्म**



**नवभारत न्यूज जतारा/खरगापुर. बीती 15 जुलाई से पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में नशामुक्ति अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 30 जुलाई तक जारी रहेगा। इसी क्रम में टीकमगढ जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा इस अभियान को गति दी जा रही है। जिसके चलते गुरूवार को जतारा एवं खरगापुर थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम हुए ।खरगापुर थाना पुलिस के तत्वाधान में ग्राम सरकनपुर के शासकीय स्कूल मे नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओ एवं आमजन को एलईडी टीवी पर नशा मुक्ति से संबंधित शार्ट फिल्म वीडियो दिखाकर व बेनर पंपलेट एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया।**

कार्यक्रम में सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे मे जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी खरगापुर गोकुल प्रसाद, कामता प्रसाद, महिपत राजवीर, महिला आरक्षक मनीषा, शासकीय हाई सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य एबं समस्त शिक्षकाए व ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व आमजन एवं छात्र छात्राए उपस्थित रहे। इसी प्रकार थाना जतारा थानाप्रभारी रवि भूषण पाठक द्वारा नशामुक्ति जन-जागृति अभियान नशे से दूरी है जरूरी अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जतारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक द्वारा छात्र-छात्राओं को नशे पर विस्तृत व्याख्यान दिया उन्होंने अपने सम्बोधन में नशे के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक अवगत कराकर नशामुक्त रहने नशे का प्रतिकार करने एवं परिचितों, समाज को नशामुक्ति हेतु जागरुक करने के सम्बन्ध में अपेक्षा की गई। विद्यार्थीगणों के सम्मुख नशामुक्ति जन-चेतना सम्बन्धी शॉर्ट-फिल्म एवं रील्स आदि प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य हृदेश सहित पदस्थ अधिकारी कर्मचारीगण एवं थाना प्रधान आरक्षक कमलेश शर्मा, आरक्षक राजीव संगम सुजीत उपस्थित रहे।

**बारिश** — अधिक बारिश ने की किसानों की बोवनी प्रभावित

# लगातार हो रही बारिश ने दिखाया अपना रौद्र रूप



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। मानसून इस वर्ष बारिश के मौसम में जिलेभर में अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। गुरूवार की सुबह से शुरू हुई बारिश का दौर दिनभर जारी रहा। मौसम विभाग की माने तो अभी आगमी दिनों में तेज बारिश होने की संभावना है। लोग दिनभर ललितपुर मार्ग पर स्थित कुण्डेश्वर में जमड़ार नदी के जल स्तर का नजारा देखते रहे। हालांकि बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुलिस बल को घाटों पर तैनात कर दिया है। वहीं शहर की लाइफ लाईन कहे जाने वाले महेन्द्र सागर तालाब को पूर्ण रूप से भर चुका है। इसी के चलते जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जल भराव वाले सभी क्षेत्रों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर उन्होंने लोगों से इस मौसम में सर्तक रहने की अपील की है।**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार एक जून से 15 जुलाई तक जिले में 834.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से अभी तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा 1133 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 573, बल्देवगढ़ में 785, खरगापुर में 800, जतारा में 611, मोहनगढ़ में 941, लिधौरा में 759 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 1071 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में बीते 24 घंटे में अब तक 5.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 14 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 8, बल्देवगढ़ में 3, खरगापुर में 11, जतारा में 0, मोहनगढ़ में 1, लिधौरा में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

लगातार हो रही इस बारिश के चलते दिन का तापमान घटकर 30.5 डिग्री और रात का तापमान 23.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है और खेतों में भरपूर नमी आ चुकी है, जिससे खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे देखने को मिल रही है।

### जल भराव वाले स्थानों से दूरी बनाने की सलाह

लगातार हुई बारिश से जामनी नदी का जल स्तर बड़ गया है। नदी में पानी आने से बरीघाट डेम लबालब हो गया है। डेम से तीन फीट ऊपर पानी जाने से झरना की तरह बह रहा है ।अधिकारियों ने लोगों से बारिश के मौसम में डेम पर ना जाने की सलाह दी है। बरीघाट डेम के रास्ते तक जल भराव हो गया था। जामनी नदी से पानी बहाव तेज होने से बरीघाट के आगे बने त्रिगटा तक पानी का भराव हो गया। कुंडेश्वर नदी के घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए है।

## आपूर्ति अधिकारी ने की पेट्रोल पंप की जांच

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार कृष्णा ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप अनंतपुरा की जांच जिला आपूर्ति अधिकारी टीकमगढ़ के द्वारा की गई। इस दौरान पेट्रोलपंप पर पेट्रोल डीजल के स्टॉक, पेट्रोल डीजल की प्रदाय मात्रा, शौचालय की साफ-सफाई, पीने के पानी की उपलब्धता, एवं हवा की उपलब्धता की जांच की गई।**

जांच समय पेट्रोल पंप के प्रबंधक उपस्थिति रहे, जिनके समक्ष में जांच कार्यवाही की गई तथा आवष्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी कुलदीप मौर्य, ललित मेहरा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आपूर्ति अधिकारी उपस्थित रहे। पेट्रोलपंप पर पेट्रोल डीजल के स्टॉक, पेट्रोल डीजल की प्रदाय मात्रा, शौचालय की साफ-सफाई की जांच की गई।

## बान सुजारा बांध के सभी गेट बंद



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले तीन दिनों से बारिश की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण धसान नदी में पानी की आवक घट गई है। इसका सीधा असर बान सुजारा बांध पर पड़ा है, जिसके चलते प्रबंधन ने गुरुवार को बांध के सभी 12 गेट बंद कर दिए हैं।**

बांध के एसडीओ आरएस शेजवार के अनुसार 17 जुलाई सुबह 8 बजे तक जलस्तर 312.60 मीटर दर्ज किया गयाएजबकि पूर्ण भराव स्तर 316.50 मीटर है। यानी अभी बांध की भराव स्थिति करीब 45.68 प्रतिशत है। एसडीओ आरएस शेजवार ने बताया कि बांध का वर्तमान जलस्तर. 312.60 मीटर,पूर्ण भराव स्तर. 316.50 मीटर,वर्तमान जलभराव क्षमता. 126.098 मिलियन घन मीटर,कुल क्षमता. 276.04 मिलियन घन मीटर,भराव प्रतिशत. 45.68,पिछले वर्ष की स्थिति 17 जुलाई 310.70 मीटर,बीते 24 घंटे में औसत बारिश सिर्फ6.9 मिमी कम बारिश के कारण जिले में जल स्त्रोतों पर असर देखने को मिल रहा है।